**खबर संक्षेप**



### जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक एवं सुपरवाइजर सम्मानित

**मैहर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी बिदिशा मुखर्जी ने जिले में जनगणना कार्य के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती मुखर्जी ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में कर्मचारियों की जिम्मेदारी और समर्पण बेहद अहम होता है। सटीक एवं समयबद्ध कार्य से शासन की योजनाओं को सही दिशा मिलती है। सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**मैहर।** कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर संजना जैन,एसडीएम मैहर दिव्या पटेल,एसडीएम अमरपाटन आरती सिंह,एसडीएम रामनगर शिव प्रकाश मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल,सीएमओ सुषमा मिश्रा,महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### होनहार दक्ष्य सिंह ने लहराया सफलता का परचम,सीबीएसई 12 वीं में 94 फीसदी अंक पाकर बने स्कूल टॉपर



**मैहर।** प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती,इसे एक बार फिर साबित कर दिखाया है दक्ष्य सिंह ने। मैहर जिले की झुकेही चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रकाश सिंह के सुपुत्र दक्ष्य ने सीबीएसई 12वीं ( विज्ञान संकाय) की परीक्षा में 94 फीसदी अंक अर्जित कर शानदार सफलता प्राप्त की है। दक्ष्य ने प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि अपने माता-पिता और पुलिस विभाग का मान बढ़ाया है। दक्ष्य की इस उपलब्धि पर उनके निवास और पुलिस महकमे में हर्ष का माहौल है।

## डेढ़ साल की ज्योति जिंदगी और मौत के बीच

# केल्हौरा गांव में कुपोषण का 'जिन्न' आया सामने

### दिल में छेद और गरीबी की दोहरी मारः 18 माह की बच्ची का वजन महज 4.6 किलोग्राम

सतना।

ब्लॉक मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम केल्हौरा से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और बच्चों के पोषण स्तर पर सवाल खड़े करने वाली एक हृदयविदारक तस्वीर सामने आई है। यहाँ विनोद यादव की डेढ़ वर्षीय पुत्री ज्योति यादव भीषण कुपोषण और गंभीर बीमारी की जंग लड़ रही है। हैरानी की बात यह है कि 18 माह की उम्र होने के बावजूद बच्ची का वजन महज 4 किलो 600 ग्राम है,जो सामान्य से काफी कम है।

### इलाज के अभाव में घर पर ही 'कैद' है मासूम

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार,ज्योति न केवल कुपोषित है,बल्कि उसके दिल में छेद होने की बात भी सामने आई है। इस गंभीर बीमारी के कारण मासूम का शरीर निरंतर कमजोर होता जा रहा है। बच्ची को मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले



जाया गया था,जहाँ से उसे सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### रीवा रेफर की सलाह

सतना में 10 दिनों तक भर्ती रहने के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रीवा ले जाने की सलाह दी।रीवा ले जाने के लिए जरूरी संसाधनों और सही जानकारी के अभाव में बेबस परिजन उसे वापस घर ले आए हैं। गरीबी के कारण पिता विनोद यादव अपनी लाड़ली का इलाज कराने में खुद को असमर्थ पा रहे हैं।

### प्रशासन से मदद की गुहार

एक तरफ सरकार द्वारा कुपोषण मिटाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं,वहीं दूसरी ओर केल्हौरा की ज्योति जैसे मामले जमीनी हकीकत को उजागर कर रहे हैं। बच्ची के परिजनों ने शासन-प्रशासन और समाज के सक्षम लोगों से मदद की गुहार लगाई है ताकि ज्योति को सही समय पर ऑपरेशन और पोषण मिल सके और उसकी जान बचाई जा सके।



## अंतिम संस्कार से लौट रहा ऑटो खाई में गिरा,महिला की मौत,12 घायल



### गोरसरी पहाड़ के पास अनियंत्रित होकर पलटा वाहन; 6 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल सतना रेफर किया गया

**सतना।** अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरसरी पहाड़ के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अंतिम संस्कार से लौट रहे लोगों से भरा एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर जंगल की खाई में जा गिरा। इस हृदयविदारक घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि चालक सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं।

**तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह-** जानकारी के अनुसार,ऑटो में क्षमता से अधिक (12 से ज्यादा) लोग सवार थे। गोरसरी पहाड़ के जंगली रास्ते से गुजरते समय वाहन की रफ्तार तेज थी,जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और ऑटो सीधे खाई में जा गिरा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस और एम्बुलेंस ने किया रेस्क्यू-** घटना की सूचना मिलते ही अमरपाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को डायल 112 और 108 एम्बुलेंस की मदद से तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया गया।

**6 घायलों की हालत नाजुक-** अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने 6 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया है। अन्य घायलों का इलाज फिलहाल सिविल अस्पताल अमरपाटन में जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एनएच-30 पर भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित कार बाइक को टक्कर मारकर ट्रक में जा घुसी; 6 घायल





सतना।

राष्ट्रीय राजमार्ग-30पर जरियारी मोड़ के पास बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना घटित हुई। तेज रफ्तार कार ने पहले एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार सहित कार में सवार कुल 6 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया,जहाँ से दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया है।

### अयोध्या-प्रयागराज से लौट रहे थे श्रद्धालु

प्राप्त जानकारी के अनुसार,कार में सवार पाँचों लोग महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के निवासी हैं। वे उत्तर प्रदेश के अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन और प्रयागराज में गंगा स्नान करने के बाद अपने गृह नगर लौट रहे थे। इसी दौरान अमरपाटन थाना क्षेत्र के जरियारी मोड़ के पास उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गई।

### घटना का घटनाक्रम

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,कार की रफ्तार काफी तेज थी। जरियारी मोड़ के पास कार ने आगे चल रही एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दूर जा गिरा और कार अनियंत्रित होकर सीधे आगे जा रहे ट्रक के नीचे घुस गई। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### राहत एवं बचाव कार्य

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। हादसे में कार सवार 5 श्रद्धालु और 1 मोटरसाइकिल सवार घायल हुए हैं।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दो लोगों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर किया है। शेष घायलों का उपचार सिविल अस्पताल अमरपाटन में जारी है,जहाँ उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू कराया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## नीट-यूजी 2026 रद्द होने पर मचा बवालः एन एस यूआई ने फूँका पुतला, आप ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



सतना।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के रद्द होने और पेपर लीक के आरोपों ने देशभर में आक्रोश पैदा कर दिया है। जिले में भी इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। छात्र संगठन एन एस यूआई और आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कड़ा विरोध प्रदर्शन किया।

### एन एस यूआई का उग्र प्रदर्शनः शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

बुधवार को सर्किट हाउस के सामने कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूँका।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश महासचिव राहुल सोनी ने कहा हर साल की तरह इस बार भी पेपर लीक ने 22 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया है। छात्र साल भर मेहनत करते हैं,लेकिन सिस्टम की लापरवाही से उनका समय,पैसा और मेहनत सब बर्बाद हो जाता है। एन एस यू आई ने मांग की है कि केंद्र सरकार प्रभावित छात्रों को साल भर की पढ़ाई का खर्च और परिवहन व्यय मुआवजा के रूप में प्रदान करे।उन्होंने एनटीए की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए।

### आम आदमी पार्टी ने की सीबीआई जांच और 'रासुका' की मांग

दूसरी ओर,आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष डॉ.अमित सिंह के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते को ज्ञापन सौंपते हुए 'आप' नेताओं ने इस घटना को केवल तकनीकी खामी नहीं,बल्कि एक 'संगठित भ्रष्टाचार' करार दिया। नैतिक आधार पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें।पूरे घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच हो।

### कठोर कार्रवाईः

दोषियों पर रासुका लगाया जाए। बार-बार विफल हो रही संस्था एनटीए को तत्काल भंग कर नई पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए।

**निःशुल्क परीक्षाः** छात्रों के मानसिक तनाव को देखते हुए दोबारा परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और निःशुल्क आयोजित हो।

### सड़क से सदन तक लड़ाई का एलान

प्रदर्शन के दौरान वीरेंद्र सहाय सक्सेना,सुनील सिंह बघेल और अन्य कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक देश के लाखों परीक्षार्थियों को न्याय नहीं मिल जाता,आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी।



## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत
### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप पुलिस जांच में जुटी

**मैहर।** मैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सगमनिया में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान अंजू सिंह निवासी ओबरा के रूप में हुई है,जिनका विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व संगमनिया निवासी देवराज सिंह के साथ हुआ था। जानकारी के अनुसार देर रात महिला के आग से झुलसने के बाद करीब 80 फीट गहरे सूखे कुएं में गिरने की बात सामने आई। ससुराल पक्ष का कहना है कि अंजू सिंह ने घर में रखा डीजल अपने ऊपर डालकर आग लगा ली और इसके बाद कुएं में कूद गई। घटना के बाद परिजन महिला को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे,लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं मायके पक्ष ने इस मामले को हत्या बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका के परिजनों का आरोप है कि पति,देवर और जेठानी ने मिलकर अंजू सिंह के ऊपर डीजल डालकर आग लगाई और उसे सूखे कुएं में फेंक दिया,जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

### गंगा दशहरा पर मैहर के आल्हा ताल में होंगे विविध कार्यक्रम

**मैहर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 26 मई गंगा दशहरा के अवसर पर प्रसिद्ध आल्हा ताल में सांध्यकालीन गंगा आरती शास्त्रीय संगीत कथक की प्रस्तुति,दीपदान सहित विभिन्न कार्यक्रम जल संरक्षण की थीम पर आयोजित होंगे। सभी ग्राम पंचायतों में इस दिन एक ही समय पर प्रातः 8 बजे से श्रमदान के कार्यक्रम होंगे। नगर पालिका मैहर द्वारा प्रातः 10 बजे से स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। शाम को कार्यक्रम स्थल आल्हा ताल पर आकर्षक रंगोली सजाई जायेगी। इस दौरान नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों की रिपोर्ट सीईओ जिला पंचायत के पास एकत्र की जायेगी।

**नाम सुधार सूचना**

मैं सनत कुमार कुशवाहा पिता श्री वंशरूप कुशवाहा आयु 37 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट भदरी, तहसील अमरपाटन, जिला-मैहर (म.प्र.) का निवासी हूं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि, मेरा ड्राइविंग लायसेंस जिसका लायसेंस नं. MP19N-2014 -00115470 है, जिसमें त्रुटिवश मेरे पिताजी का नाम VANSHSWAROOP KUSHWAHA अंकित हो गया है, जो कि गलत नाम है। मेरे पिताजी का सही नाम वंशरूप कुशवाहा (BANSHROOP KUSHWAHA ) है जो मेरे व मेरे पिताजी के आधार कार्ड में अंकित है जो कि सही व सत्य है। उक्त दोनो नाम VANSHSWAROOP KUSHWAHA एवं वंशरूप कुशवाहा (BANSHROOP KUSHWAHA ) मेरे पिताजी के ही नाम है यानी एक ही व्यक्ति के नाम है। यह कि हर जगह मेरे पिताजी का सही नाम वंशरूप कुशवाहा (BANSHROOP KUSHWAHA ) लिखा, पढ़ा एवं मान्य किया जावे, जिस बावत मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

## अंतिम विदा में भी मानवता का संदेशः स्व.असीम बनर्जी ने चिकित्सा जगत को समर्पित की अपनी देह

**सतना।** समाज सेवा और इंजीनियरिंग क्षेत्र की जानी-मानी शख्सियत उत्तम बनर्जी के पिता,वयोवृद्ध असीम बनर्जी ने जाते-जाते भी समाज को 'निस्वार्थ सेवा' का सबसे बड़ा पाठ पढ़ा दिया। बुधवार को बांधवगढ़ स्थित अपने निवास पर अंतिम सांस लेने के बाद,उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप परिजनों ने उनका पार्थिव शरीर शासकीय मेडिकल कॉलेज,सतना को दान कर दिया।

**सम्मान में झुका मेडिकल कॉलेजः दिया गया 'गार्ड ऑफ ऑनर'-** असीम बनर्जी जी के इस महान संकल्प के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए सतना मेडिकल कॉलेज में विशेष गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर करीब 3 बजे



जब उनका पार्थिव शरीर कॉलेज परिसर पहुँचा,तो वहां उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर भावभीनी विदाई दी गई।इस दौरान उपस्थित



चिकित्सा विशेषज्ञों और छात्र-छात्राओं ने उनकी इस महानता को नमन किया।

**प्रेरणादायी संकल्पः संकल्प से सिद्धि तक-** परिजनों के अनुसार,असीम बनर्जी जी ने अपने जीवनकाल में ही यह संकल्प ले लिया था कि मृत्यु के पश्चात उनका शरीर चिकित्सा शिक्षा और शोध के काम आए। उनके बेटों-उत्तम बनर्जी,सुभाष बनर्जी और विभाष बनर्जी-ने शोक की इस घड़ी में भी विचलित हुए बिना अपने पिता की अंतिम इच्छा का सम्मान किया।

**खबर संक्षेप**

## पेट दर्द से परेशान 27 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या



**पन्ना।** थाना शाहनगर क्षेत्र के सुगरहा गांव में मंगलवार सुबह एक 27 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार युवक पिछले कई दिनों से पेट दर्द से परेशान था। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। घटना 13 मई 2026 की सुबह करीब 6 बजे की है। मृतक दीपक सोनी पिता विजय कुमार सोनी, 27 वर्ष निवासी सुगरहा सुबह उठकर छत पर बने शौचालय में गए थे। काफी देर तक वापस नहीं आने पर पिता विजय कुमार सोनी ने जाकर देखा तो अंदर से दरवाजा बंद था। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खोलने पर दीपक को फांसी के फंदे पर लटका पाया। पिता के चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। परिजन भतीजे राहुल सोनी की चार पहिया वाहन से पड़ोसी गंगाराम यादव व मुकेश कुशवाहा के साथ दीपक को तुरंत सरकारी अस्पताल शाहनगर ले गए। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद दीपक को मृत घोषित कर दिया। फरियादी पिता विजय कुमार सोनी, 65 वर्ष ने पुलिस को बताया कि दीपक के पेट में अक्सर दर्द रहता था। प्राइवेट अस्पतालों में दिखाने पर कुछ समय ठीक हो जाता था। पिता को आशंका है कि ष्इसी दर्द से परेशान होकर दीपक ने आत्महत्या की हो। मुझे अन्य कोई शक-संदेह नहीं है। थाना शाहनगर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। मर्ग क्रमांक 0/26, धारा 194 ठछै के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आत्महत्या के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## शासकीय कार्य में लापरवाही पर वार्ड बॉय निलंबित

**पन्ना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी ने खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवेन्द्रनगर के प्रतिवेदन पर तत्काल प्रभाव से वार्ड बॉय राजेश कुमार बेन को निलंबित करने की कार्यवाही की है। सीएचसी देवेन्द्रनगर के निलंबित वार्ड बॉय का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।बीएमओ द्वारा पत्र के माध्यम से वार्ड बॉय के संबंध में पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस तथा प्राप्त शिकायतों के संबंध में अवगत कराया गया था। वार्ड बॉय के विरूद्ध चिकित्सक एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र एवं अमर्यादित व्यवहार करने, हितग्राहियों को बेवजह परेशान करने तथा ड्यूटी पर शराब पीकर उपस्थित होने की शिकायतें थीं। इस कृत्य पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई थी। राजेश कुमार बेन द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली के बावजूद अपना प्रतिवाद उत्तर भी अब तक किसी भी माध्यम से प्रस्तुत नहीं किया गया था।

## नाबालिग से ज्यादती, आरोपी को को 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

**पन्ना।** थाना शाहनगर क्षेत्र अंतर्गत शासकीय स्कूल के पास 10 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 वर्षीय आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटना 7 मई 2026 दोपहर करीब 12 बजे की है। 'पीड़िता (उम्र 10 वर्ष,शासकीय प्राथमिक स्कूल के पास बने हैंडपंप पर नहाकर कपड़े बदल रही थी। इसी दौरान गांव 26 वर्षीय युवक वहां पहुंचा और जबरदस्ती पास बने शौचालय में ले जाकर ज्यादती की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी। शोर सुनकर पीड़िता का भाई मौके पर पहुंचा और उसे बचाकर घर ले गया। महिला अधिकारी उपनिरीक्षक स्मिता सिंह बघेल ने पीड़िता के बयान लेकर जीरो पर कायमी की और केस दर्ज किया।

**पुलिस टीम द्वारा आरोपी को ग्राम खोमरहा, रामनगर मैहर से गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**

# अजयगढ़ थाना अन्तर्गत माधौगंज में हुये दोहरे अंधे हत्याकाण्ड (मां बेटे की निर्मम हत्या) का खुलासा

**चोरी की नियत से घर मे घुसा था आरोपी, विरोध करने पर महिला एवं उसके 05 साल के मासूम बच्चे की मुंह मे कपड़ा ठूसकर, गला घोंटकर की गई थी निर्मम हत्या, हत्या उपरांत महिला के शव के साथ किया गया था दुराचार।**

**पन्ना।** पन्ना पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिया नायडू के निर्देशन मे अजयगढ़ के अपराध क्रमांक 438/25 धारा 103(01),332() बी.एन.एस. मे रहुनियां मोहल्ला माधौगंज मे हुये दोहरे अन्धे-हत्याकाण्ड (महिला एवं उसके 05 साल के मासूम बच्चे की हत्या) के मामले मे सफल खुलासा करते हुये मामले के आरोपी को रामनगर मैहर से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई है। मामले मे फरियादी रामनरेश कुशवाहा (मृतिका के जेठ) द्वारा दिनांक 17.09.25 को थाना अजयगढ़ उपस्थित आकर रिपोर्ट की गई की रात्रि मे उसके छोटे भाई की पत्नी एवं उसके 05 साल के बेटे की हत्या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कर दी गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ़ मे अज्ञात आरोपी के विरुद्ध सम्बधित धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं उक्त घटना की जानकारी थाना प्रभारी अजयगढ़ द्वारा वरिष्ठ अधिरकारियों को दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अजयगढ व थाना प्रभारी धरमपुर के नेतृत्व मे सायबर सेल टीम पन्ना को शामिल करते हुये 02 विशेष पुलिस टीमो का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीमो द्वारा घटना स्थल के आसपास एवं संभावित रूट के करीब 200 से अधिक सी.सी.टी.व्ही. फुटेज खंगाले गये एवं घटना स्थल के आसपास व रिश्तेदारो एवं संभावित संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई साथ ही रहुनियां मोहल्ला एंव उसके आसपास किराये से रह रहे बाहरी व्यक्तियों के बारे मे जानकरी एकत्रित की गई पुलिस टीमो के अथक प्रयासो से जानकारी प्राप्त हुई की रहुनियां मोहल्ले के पास मे ही रह रहा इन्द्रभान साकेत जो घटना दिनांक के कुछ दिन बाद ही कमरा खाली करके चला गया था जिस पर पुलिस टीमो द्वारा




उक्त व्यक्ति के सम्बंध मे जानकारी एकत्रित की गई एवं उसकी गतिविधि नजर रखी गई। जिस पर संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये उक्त संदिग्ध व्यक्ति को ग्राम खोमरहा रामनगर मैहर से दिनांक 13.05.26 को गिरफ्तार कर थाना अजयगढ़ लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई जिस पर आरोपी द्वारा बताया गया कि मै मार्च 2025 मे अपनी पत्नि को लेकर मजदूरी करने अपने रिश्ते के जीजा के पास अजयगढ आया था, माधवगंज मोहल्ला मे किराये से कमरा लेकर अपनी पत्नी सहित रहने लगा था एवं अजयगढ मे पार्क के पास चाट का ठेला लगाता था। आज से लगभग साढे सात माह पहले मैने रहुनिया मोहल्ला माधवगंज मे किराना की दुकान चलाने वाली सोनू कुशवाहा के घर मे चोरी करने की योजना बनाकर रात लगभग 11.30 बजे उसके घर के बाहर पहुंचकर उसका दरवाजा खटखटाया तो सोनू कुशवाहा ने दरवाजा खोला तो मैने उसको डराने और उसके बाद उससे रूपये हासिल करने के उद्देश्य से उसको पकडकर उसका मुंह दबाया लेकिन उसने मेरे हांथ मे मुंह से काट लिया और विरोध किया तो मैने उसको जमीन पर पटक दिया और उसकी साडी को उसके गले मे लपेट कर और वही पडा गमछे जैसे कपडे को उसके मुंह मे ठूसकर उसकी हत्या कर दी और फिर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये उसी दौरान उसका एक बेटा जागकर चिल्लाते हुये मेरी ओर आया तो मैने उसका भी गला दबाकर और मुंह मे कपडा ठुसकर उसकी भी हत्या कर दी और फिर रूपयो के लिये उसके घर की सामान की तलाशी ली तो उसके पीछे वाले कमरे मे दाल चावल के डिब्बो मे नगद रूपये व सिक्के लगभग 650 रूपये के मुझे मिले थे इसी दौरान मैने किराना की दुकान से सिगरेट की डिब्बी निकालकर दो सिगरेट पी थी सोनू का दूसरा छोटा बच्चा उस समय वही खाट पर सो रहा था क्योंकि मुख्य दरवाजा मैने अंदर से बंद कर लिया था। बाहर कुत्ता भौंक रहे थे तो मै अंदर वाले कमरे के छप्पर को तोडकर वहां से पैसा लेकर मिनचिन सागर तालाब की रास्ता होकर रात करीब 02.00 बजे अपने किराये के कमरे मे माधवगंज अजयगढ मे आ गया था। मामले मे आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायायल पेश किया गया है जहां अग्रिम कार्यवाही हेतु आरोपी को पुलिस रिमाण्ड मे लेकर पूछताछ की जा रही है।

### नाम पता आरोपी-

इन्द्रभान साकेत पिता सुखलाल साकेत उम्र 25 साल निवासी ग्राम खोमरहा थाना रामनगर जिला मैहर (म0प्र0) हाल किराये का कमरा बाणासागर शहडोल।

### सराहनीय योगदान-

उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी अजयगढ़ निरी. हरि सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि विक्रम सिंह, प्र.आर. जयेन्द्र पाल, राजकुमार अहिरवार, महिला प्र.आर. राजकुंवर आर. भूरी सिंह, रामनरेश गुप्ता, मनोज पटेल, रोहित मिश्रा, रामलखन पटेल एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान।

## थाना रैपुरा पुलिस ने जुआ फड़ पर दी दबिश, 20 जुआरियों पर कार्रवाई, 14 लाख से अधिक का मशरूका जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना डांगी के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध गतिविधियों, जुआ-सट्टा एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना रैपुरा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना रैपुरा पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं जुर्म-जरायम पतासाजी के दौरान कस्बा रैपुरा में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विनय चनपुरिया द्वारा अपने निवास पर बाहरी व्यक्तियों को एकत्रित कर ताश के पत्तों के माध्यम से अवैध जुआ फड़ संचालित किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल रणनीतिक घेराबंदी कर स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में मौके पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान मुख्य आरोपी विनय चनपुरिया अपने घर में जुआ फड़ संचालित करते हुए पाया गया। उसके साथ 19 अन्य व्यक्ति नगदी दांव लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़े गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले कई दिनों से उक्त स्थान पर जुआ खेल रहे थे तथा इसके एवज में मुख्य आरोपी को आर्थिक लाभ पहुंचा रहे थे। पुलिस द्वारा मौके से 52 ताश पत्ते, 1,73,300 नगद, 19 मोबाइल फोन, 01 चारपहिया वाहन एवं 06 दोपहिया वाहन जप्त किए गए। जप्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 14,06,800/- आंकी गई है। मुख्य आरोपी विनय चनपुरिया के विरुद्ध धारा 3 जुआ एक्ट तथा अन्य 19 आरोपियों के विरुद्ध धारा 4 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## सांदीपनि विद्यालय अजयगढ़ में चल रहा समर कैंप



**बच्चे कर रहे मस्ती, सीख रहे हुनर**

अजयगढ़। शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजयगढ़ में 1 मई से 1 जून तक ग्रीष्म अवकाश में लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें प्रातः 07: 00बजे से 9:00 बजे तक श्रीमती मंजू गुप्ता के नेतृत्व में थीम देशज खेल -ष्हमारे खेल हमारी पहचानष आधारित बच्चों से खेल गतिविधियां कराई जा रही हैं। जिससे कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ,लीडरशिप की क्षमता का विकास तथा स्ट्रेटजी क्षमता का विकास हो सके,साथ ही शाम 05:00 बजे से 07:00बजे तक राजेंद्र यादव के नेतृत्व में थीम- स्थानीय एवं जनजातीय कला हमारी पहचानष्पर आधारित है। संगीत से संबंधित गतिविधियां कराई जा रही है जिससे सांस्कृतिक समझ का विकास हो रहा है स्थानीय जुड़ाव एवं कलात्मक पक्ष का विकास हो रहा है। उक्त समर कैंप में प्राचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा तथा विद्यालय के अन्य स्टाफ के सदस्य भी समय-समय पर अपना समय देकर सहयोग कर रहे हैं।



## सनकी युवक ने सरेराह गोली मारकर युवती की हत्या की, भाई बाल-बाल बचा; आरोपी गिरफ्तार



### लक्ष्मीपुर गांव में पसरा मातम, पुलिस जांच में जुटी

### रीवा मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

पन्ना। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर में एक सनकी युवक ने अवैध कट्टे से फायर कर 25 वर्षीय युवती की निर्मम हत्या कर दी। वारदात के दौरान आरोपी ने मृतिका के भाई पर भी जानलेवा हमला किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद गांव में दहशत और मातम का माहौल है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी को कट्टे समेत गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीपुर निवासी आरती यादव (25 वर्ष) पर गांव के ही विनोद यादव ने अवैध कट्टे से अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से युवती लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ी। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल पन्ना लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद युवती की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परंतु, रीवा ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

### भाई पर भी चलाया कट्टा, विफल रहा निशाना-

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी विनोद यादव का सनकपन यहीं नहीं रुका। उसने मृतिका के भाई आकाश यादव को भी जान से मारने की नीयत से उस पर फायर झोंक दिया। किस्मत अच्छी थी कि आकाश का निशाना चूक गया और वह इस जानलेवा हमले में साफ बच गया। घटना के बाद से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी विनोद गिरफ्तार-

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी (निरीक्षक) रोहित मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घेराबंदी कर तत्परता से आरोपी विनोद यादव निवासी लक्ष्मीपुर को दबोच लिया। उसके पास से वारदात में प्रयुक्त अवैध हथियार भी बरामद किए जाने की खबर है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पन्ना के पोस्टमार्टम गृह में शव परीक्षण (पीएम) कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। कोतवाली पुलिस के अनुसार, आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्या के असली कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी रोहित मिश्रा ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले को बारीकी से जांच में लिया गया है। जल्द ही वारदात के पीछे की वजह सामने आ जाएगी।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना का सीबीएसई कक्षा 12वीं परिणाम शत-प्रतिशत



### विद्यार्थियों की शानदार सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल

**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना ने सत्र 2025-26 के सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित सभी 50 विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं विद्यार्थी अभिभूत हैं। सीबीएसई द्वारा जारी परिणाम के अनुसार विज्ञान संकाय में मान्या दुबे ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रणव शर्मा ने 93 प्रतिशत अंको के साथ दूसरा स्थान, रिद्धिमा साहू ने 91.4 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान तथा चंद्रशेखर त्रिपाठी ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर चौथा स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि वाणिज्य संकाय में आर्यन रेले ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। कंचन वर्मा ने 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान, धैर्य गुप्ता ने 88.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान तथा राशि पटेल ने 88.4 प्रतिशत अंको के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन, नियमित अध्ययन, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय में पूरे वर्ष विशेष अध्ययन सत्र, अतिरिक्त कक्षाएं, निदानात्मक शिक्षण, अभ्यास परीक्षाएं एवं परामर्श कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनका सकारात्मक प्रभाव परीक्षा परिणाम में देखने को मिला। प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के सामूहिक एवं संगठित प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भी शुभकामनाएं दी हैं।

## ब्राह्मण समाज व नारी समाज पर टिप्पणी को लेकर थाने पहुंचा सवर्ण संगठन, एफआईआर की मांग

**अजयगढ़-** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा कथित रूप से ब्राह्मण समाज एवं नारी समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर अजयगढ़ में विरोध तेज हो गया है। बुधवार को सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन तथा ब्राह्मण समाज के बैनर तले लोगों ने अजयगढ़ थाना पहुंचकर पुलिस को आवेदन सौंपा और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। दिए गए आवेदन में कहा गया कि ब्राह्मण समाज का देश के इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आवेदन में भगवान परशुराम, आचार्य द्रोणाचार्य, आचार्य राघवेंद्र, महर्षि दधीचि, माता अनुसुईया सहित कई ऐतिहासिक एवं धार्मिक व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि ब्राह्मण समाज ने सदैव राष्ट्र और समाज के लिए त्याग एवं बलिदान दिया है। आवेदन में आरोप लगाया गया कि राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज के खिलाफ अपमानजनक, अश्लील एवं अभद्र टिप्पणी की गई है,



जिससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन ने पुलिस से भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी ने अब तक उक्त बयान की निंदा नहीं की है और न ही प्रवक्ता को पद से हटाया गया है। इस कारण आवेदन में अखिलेश यादव को भी सह-अभियुक्त बनाए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में पूर्व में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा कथित रूप से ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी का भी उल्लेख करते हुए कहा गया कि लगातार इस प्रकार की घटनाओं से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं और यदि ऐसे मामलों को नजरअंदाज किया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इंजीनियर अजय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के मुख्य संयोजक ने कहा कि यदि कार्यवाही नहीं होती तो हमारा संगठन राष्ट्रीय स्तर का है पूरे देश में आंदोलन का निर्णय ले सकता है इस दौरान सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के मुख्य संयोजक सहित प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी सहित प्रांतीय संरक्षक ईश्वर चंद्र त्रिपाठी सतना प्रभा मिश्रा पुष्पेंद्र प्यासी रवि रावत अंकित त्रिपाठी संदीप शुक्ला प्रबल चौबे दिनेश चौबे बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा समय-सारणी में आंशिक संशोधन

**पन्ना।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा हायर सेकेण्डरी प्रमाण-पत्र परीक्षा 2026 की द्वितीय परीक्षा के लिए पूर्व में जारी परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। 14 एवं 21 मई को सीयूईटी यूजी की परीक्षा होने के कारण मण्डल द्वारा जारी हायर सेकेण्डरी परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन हुआ है। अब 14 मई को होने वाली कृषि, होम साइंस (कला समूह) एवं एकाउंटेंसी विषय की परीक्षा 19 मई, मंगलवार को होगी। इसी प्रकार 21 मई को होने वाली गणित एवं मनोविज्ञान विषय की परीक्षा अब 26 मई दिन मंगलवार को आयोजित की जाएगी। संशोधित टाइम-टेबल मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखे जा सकते हैं।

# ढोड़न बांध के निर्माण में बाधक बने मकानों पर चली प्रशासन की जेसीबी, तनाव की स्थिति हुई निर्मित

## आंदोलनकारियों ने जेसीबी में किया पथराव, वन विभाग की टीम ने खदेड़ा



**छतरपुर।** केन बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत ढोडन में बांध को लेकर बहां के विस्थापित आदिवासी ग्रामीणों और प्रशासन के बीच लम्बे समय से विस्थापन, मुआवजा और पुनर्वास को लेकर विवाद चल रहा है। लेकिन आज प्रशासन ने भी कड़ा रूख अपनाया और ढोडन बांध के निर्माण में बाधक बने आदिवासियों के मकानों को हटाने के लिए जेसीबी चली। जेसीबी चलने के दौरान ग्रामीणों के बीच तनाव की स्थिति देखने को मिली। अतिक्रमण हटाने और परियोजना क्षेत्र से प्रभावित जमीन को खाली कराने के लिए पहुंची पुलिस एवं प्रशासनिक टीम पर ग्रामीणों द्वारा पथराव किया गया। हालांकि जेसीबी चलने के दौरान कुछ ऐसा नाटकीय क्रम सामने आया जिसमें यह बताया जा रहा है कि जेसीबी जब चलाई गई तो एक परिवार घर के अंदर था और वह घायल हो गए लेकिन वहीं दूसरी ओर जो हकीकत सामने आई और इस हकीकत का बीडियो देखने को मिला। जिसमें एक व्यक्ति कटोरे में रंग घोलकर कुछ आदिवासी परिवार पर छिड़क रहा था और बाद में प्रशासन की कार्यवाही को गलत ठहराने के लिए यह प्रचारित किया गया कि आदिवासी परिवार को घर से निकलने का मौका नहीं दिया गया और वह घायल हो गए। कुल मिलाकर प्रशासन परियोजना बांध क्षेत्र के गांव को खाली कराने पहुंचा था जिसके बाद स्थिति अचानक तनावपूर्ण बन गई और विरोधप्रदर्शन उग्र रूप ले बैठा फिलहाल पुलिस स्थिति पर निगरानी रखे हुए है और स्थिति को नियंत्रण करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि आंदोलनकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए लाई गई जेसीबी मशीन को भी निशाना बनाया और उसके शीशे तोड़ दिए हालांकि पथराव में कोई घायल नही हुआ फिर भी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात है। प्रशासन अब तोडफ़ोड़ और हमले में शामिल उपद्रवियों को चिहिन्त कर कड़ी कार्यवाही की तैयारी कर रहा है यह भी पता चला है कि तहसीलदार की गाड़ी में भी तोडफ़ोड़ की गई है। वही पहले वन विभाग की टीम को भी ग्रामीणों द्वारा खदेड़ा गया। यह आंदोलन पिछले कई महीनों से समाजसेवी अमित भटनागर के नेतृत्व में चल रहा है। लेकिन आदिवासी परिवारों को घायल होने का नाटकीय क्रम क्यों करना पड़ा कही इसके पीछे प्रशासन को बदनाम करने की कोई बड़ी चाल तो नही है।

सूत्रों के अनुसार पता चला है कि पूरे घटनाक्रम की जानकारी लगने पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा भी मौके पर पहुंच गए और अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। समझा जा रहा है कि अधिकारियों की बैठक के बाद कोई बड़ा एक्शन हो सकता है क्योंकि मौके पर भारी पुलिस बल भी मौजूद है।



## लड़की की शादी और जुआ-सट्टा विवाद में खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों के 8 लोग घायल

**बड़ामलहरा।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के फील्ड मोहल्ला में लड़की की शादी को लेकर शुरू हुआ विवाद बुधवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और धारदार हथियारों से हमला हुआ, जिसमें दोनों पक्षों के कुल 8 लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से कैलाश वंशकार पिता छोटेलाल वंशकार (37), राज वंशकार पिता हरि वंशकार (22), सुरेश वंशकार पिता छोटेलाल वंशकार (30) एवं अभी वंशकार पिता हरि वंशकार (18) निवासी फील्ड मोहल्ला ने आरोप लगाया कि हरिराम, संतोष, विनोद, सुभाष और सागर वंशकार ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में सभी को गंभीर चोटें आईं, जिनमें दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य का उपचार बड़ामलहरा अस्पताल में जारी है। वहीं दूसरे पक्ष से विनोद वंशकार पिता कुरा वंशकार (25), कविता वंशकार पति हरि वंशकार (40), कुरा वंशकार (60) एवं सुभाष वंशकार पिता हरि वंशकार ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मोहल्ले में घर के बाहर जुआ-सट्टा खिलाए जाने और जुआरियों की गाडियां खड़ी होने का विरोध किया गया था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आरोप है कि मुक्ति वंशकार, हरि, कैलाश, सुरेश, राज, दिब्बू अहिरवार सहित करीब 15 लोगों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और मामले की सच्चाई सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बड़ामलहरा एसडीएम कार्यालय के चपरासी ने तहसील प्रांगण में लगाई फांसी

**छतरपुर।** अभी नौगांव की पुरानी पुलिस चौकी में नौगांव थाने के आरक्षक तरूण गधर्व के द्वारा फांसी में लटकने की घटना को लोग भूल भी नही पाए थे कि बड़ामलहरा एसडीएम कार्यालय के चपरासी महेन्द्र सेन उम्र 50 बर्ष ने बुधवार को दिन में ही तहसील प्रांगण में आम के पेड़ से फांसी के फदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। अब प्रश्र यह उठ रहा है कि कर्मचारी के सामने आखिर ऐसी कौन सी परिस्थति या मजबूरी थी जिस कारण उसे अपनी जीवन लीला समाप्त करनी पड़ी। घटना की जानकारी लगते ही बड़ामलहरा विधायक रामसिया भारती भी मौके पर पहुंची और मृतक के परिजन को ढाढ़स बधाया। मृतक चपरासी महेन्द्र सेन के पुत्र संजय सेन ने बताया कि उसके पिता एसडीएम कार्यालय में चपरासी थे वह बीमार रहते थे। छतरपुर व ग्वालियर की दवाईया चल रही थी, लम्बी बीमारी होने के बाद भी उन्हें अधिकारी छुट्टी नही देते थे। वह बीमारी की हालत पर घर पर लेटे हुए थे। तभी किसी बाबू का फोन आया कि जल्दी तहसील आ जाओ मेरे पिता ने फोन आने पर गुस्सा जाहिर करते हुए बाजार से नाइलोन की रस्सी खरीदी और तहसील कार्यालय पहुंचकर वहां बगीचे में लगे हुए आम के बृक्ष से फांसी लगा ली और घटना स्थल पर ही मौत हो गई। परिवार पूरा चिल्ला रहा था कि उन्हें बचा लो। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा और पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और अभी मर्ग कायम कर जांच में लिया है। बड़ामलहरा विधायक ने मौके पर पहुंचकर कहा कि मृतक के परिवार को न्याय मिलना चाहिए यदि किसी ने फोन करके बुलाया था तो किसके आदेश पर बुलाया, क्योंकि वह बीमार था और ईलाज चल रहा था। मृतक की जेब में ईलाज के पर्चे और दबाईयां मिली है। उन्होंने साफ शब्दों मे कहा कि छोटा हो या बड़ा कोई भी अपराधी हो उस पर कार्यवाही होनी चाहिए। विधायक ने एसडीओपी रोहित अलावा और थाना प्रभारी शिशिर तिवारी से स्पष्ट कहा कि निष्पक्ष जांच करें यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा मृतक महेन्द्र सेन को प्रताड़ित किया गया तो उसके विरूद्ध कार्यवाही होनी चाहिए। यदि ऐसा नही हुआ तो वह विधानसभा के पटल पर इस प्रश्र को रखेगी।

# महर्षि विद्या मंदिर का शानदार प्रदर्शन, सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में जिले में लहराया परचम



**छतरपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले में इस बार भी महर्षि विद्या मंदिर, देरी रोड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की मेरिट सूची में अपना दबदबा कायम रखा। विद्यालय की छात्रा रिद्धि शुक्ला ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं महक असाटी ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा एवं सोनिया चौरसिया ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा धैर्य शिरंगी ने 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 108 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 30 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत, 32 विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत तथा 21 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए।90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में रिद्धि शुक्ला 97त्न, धैर्य शिरंगी 96.6त्न, महक असाटी 96.4त्न, सोनिया चौरसिया 95.2त्न, सर्वेशा यादव 94त्न, आदर्श पाठक 93त्न, अमन सिंह 92.6त्न, नियति चौरसिया 92.4त्न, वैष्णवी अनुरागी 92.2त्न, आस्था चौरसिया 91त्न, एलिस सोनी 90.8त्न, ऋषभ यादव 90.2त्न, माही जैन 90त्न एवं आदित्य जड़ियां 90त्न शामिल रहे। विशेष उपलब्धि के रूप में रिद्धि शुक्ला ने सोशियोलॉजी एवं पॉलिटिकल साइंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वहीं आदित्य जड़ियां, नियति चौरसिया एवं महक असाटी ने योग विषय में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस वर्ष सीबीएसई द्वारा पहली बार ऑन-स्क्रीन डिजिटल इवैल्यूएशन के तहत ऑनलाइन डिजिटल मार्किंग प्रणाली अपनाई गई थी, जिसके बावजूद विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया।

# चबूतरे के पुराने विवाद में खूनी संघर्ष, कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हमला



**छतरपुर।** जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत संतोष पुरवा गांव में चबूतरे के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसमें एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पहले गौरिहार अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार लालू राजपूत पिता छोटे राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी संतोष पुरवा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि गांव के ही भोला राजपूत, अखिलेश राजपूत, रमेश राजपूत एवं महिला बिलासा सहित करीब 8 लोगों ने पुरानी रंजिश और चबूतरे के विवाद को लेकर उनके परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से मारपीट की। घटना में छोटे राजपूत, जागेश्वर राजपूत, रामकली राजपूत और मिठाईलाल राजपूत घायल हुए हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत, तीन घायल

**छतरपुर।** बड़ामलहरा अनुभाग के भगवॉ थाना क्षेत्र अंतर्गत सलैया तिगड्डा के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार एक किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन युवक घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार नीरज पिता बाबू आदिवासी (17) निवासी भैरा हाल टहनगा अपने साथियों रामू पिता बलिया आदिवासी (18), गोविंद पिता नंदलाल आदिवासी (17) एवं अरमान पिता राजू आदिवासी (20) निवासी टहनगा के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम अगरोठा से टहनगा लौट रहे थे। तभी सलैया तिगड्डा के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि नीरज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके तीनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सिविल अस्पताल बड़ामलहरा पहुंचाया गया, जहां सर्जन डॉ. हेमंत मरैया की देखरेख में उनका उपचार किया गया। घटना के बाद अज्ञात कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# नगर परिषद हरपालपुर ने किया एचएलबी का कार्य पूर्ण



**छतरपुर।** जनगणना 2027 अंतर्गत जिले में मकान गणना का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को शासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नगर परिषद हरपालपुर ने जिले में जनग़णना का कार्य समय से पहले पूर्ण कर लिया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पार्थ जैसवाल एवं एसडीएम जीएस पटेल के निर्देशन एवं चार्ज अधिकारी सीएमओ शैलेन्द्र चौहान के मार्गदर्शन में सभी प्रगणक ने मेहनत कि और कार्य क़ो सफलतापूर्वक अंजाम दिया। हरपालपुर अंतर्गत आने वाले 44 एचएलबी तक का कार्य 10 अपै्रल तक पूर्ण कर लिया। सबसे पहले एचएलबी 34 प्रगणक गीतांजलि केन ने कार्य पूर्ण किया एवं नगर परिषद से महेंद्र सोनी ने भी कड़ी मेहनत की। जिले की हरपालपुर एवं सहित 2 नगरीय निकायों ने अपना कार्य पूर्ण कर लिया है। जनगणना के प्रथम चरण में जिलेवासियों से भी अपील की गई है कि राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं। प्रगणक और सुपरवाईजर द्वारा जानकारी एकत्रीकरण के लिए घर पहुंचने पर सही और सटीक विवरण देकर उनका पूर्ण सहयोग करें।

## शराब के नशे में झूमते नजर आए एएसआई

**छतरपुर।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र से एक विवादित मामला सामने आया है, जहां पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लग रहे हैं। थाने में पदस्थ एक एएसआई केएल वर्मा का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे शराब के नशे में धुत नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं उन पर आरोप लग रहे हैं कि वे एक स्थान पर खुद ही शराब का विक्रय करा रहे हैं। जब यह मामला वीडियो में कैद हुआ और केएल वर्मा की किरकिरी शुरू हुई तो उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बचाव में एक नई कहानी रचते हुए थाने के रोजनामचे की गोपनीय कॉपी को वायरल कर दिया। कहानी शुरू होती है एक वीडियो से जिसमें केएल वर्मा शराब के नशे में धुत हैं। यहां रहने वाले चुनकू साहू, भूरा यादव, राजकरण यादव ने आरोप लगाए हैं कि केएल वर्मा यहां पर एक महिला से शराब बिकवाते हैं, महिला के द्वारा शराब बेचे जाने के वीडियो भी सबूत के तौर पर सामने आए हैं जब इस महिला के द्वारा खुलेआम किए जा रहे शराब विक्रय पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई तो केएल वर्मा खुलकर न सिर्फ महिला के बचाव में आ गए बल्कि महिला से एक झूठी शिकायत कराते हुए तीनों शिकायतकर्ताओं के खिलाफ ही रोजनामचे में छेड़छाड़ की रिपोर्ट डाल दी। बहरहाल अब यह मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आ गया है जिसकी जांच कराई जा रही है।

# केंद्रीय विद्यालय शुरू होने की तैयारी तेज, नौगांव पॉलिटेक्निक भवन में युद्धस्तर पर चल रहे काम



आरएस अवस्थी, उपयंत्री धर्मेंद्र चौबे और बीईओ महेंद्र प्रताप अहिरवार ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को तय समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

**नौगांव।** केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों के लिए 5862 करोड़ रुपए की मंजूरी मिलने के बाद नौगांव में केंद्रीय विद्यालय खोलने की तैयारियां तेज हो गई हैं। अस्थाई संचालन के लिए चयनित पॉलिटेक्निक कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक शाखा भवन में मरम्मत, रंगाई-पुताई, पेयजल और बिजली व्यवस्था से जुड़े कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीम भवन का निरीक्षण करने पहुंच सकती है। जानकारी के अनुसार नौगांव स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन को केंद्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन के लिए चुना गया है। यहां लोक निर्माण विभाग द्वारा मेंटिनेंस कार्य पूरा कराने के बाद अब क्लासरूम, शौचालय, पेयजल और विद्युत व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। भवन को जल्द से जल्द विद्यालय संचालन योग्य बनाने के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह तथा बिजावर विधायक राजेश शुक्ला के निर्देशों के बाद प्रशासनिक प्रक्रिया में तेजी आई है। कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने भी इस विषय को टीएल बैठकों के प्रमुख एजेंडे में शामिल करते हुए अधिकारियों से लगातार प्रगति रिपोर्ट लेना शुरू कर दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सीएमओ

सीएमओ आरएस अवस्थी ने बताया कि नगर पालिका को सौंपी गई जिम्मेदारियों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है। पेयजल व्यवस्था के लिए ट्यूबवेल में मोटर डाली जा रही है तथा बिजली से जुड़े कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की टीम के निरीक्षण से पहले सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। वहीं बीईओ महेंद्र प्रताप अहिरवार ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। प्रशासन और शिक्षा विभाग समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं ताकि इसी शैक्षणिक सत्र से विद्यालय का संचालन शुरू कराया जा सके।

# साधना की सफलता के लिए देश-विदेश में गूंजा हनुमान चालीसा पाठ

## बागेश्वर धाम शिष्य मंडलों ने एक साथ की सामूहिक आराधना

## देश के 139 जिलों के साथ ही यूट्यूब चैनल से जुड़े डेढ़ हजार स्थानों के लोग

**छतरपुर।** समूची दुनिया में सनातन का ध्वज फहराने वाले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लोगों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं. महाराज श्री इन दिनों बद्रीनाथ पावन धाम में साधना में लीन हैं।साधना इसलिए कर रहे हैं ताकि और शक्ति श्रजित कर लोगों की दैनिक, दैविक, भौतिक समस्याओं का निराकरण करने में समर्थ हो सके। बागेश्वर धाम सरकार की साधना निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो इसी



मंगलकामना के साथ देश-विदेश के शिष्य मंडलों ने एक साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत इस विशेष आयोजन में भारत सहित नेपाल और अमेरिका के शिष्य मंडलों ने भी सहभागिता निभाई। जिला मुख्यालय में यह कार्यक्रम फिरंगी पछाड़ श्री हनुमान मंदिर में रखा गया। अनुष्ठान के बाद भंडारा भी हुआ।

बागेश्वर धाम के सचिव राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि बागेश्वर धाम शिष्य मंडलों की ओर से देश भर में सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया है। छतरपुर शिष्य मंडल के प्रभारी राजेंद्र अवस्थी ने बताया कि देश के 139 जिलों में सक्रिय शिष्य मंडलों ने मंगलवार को पूर्व निर्धारित समय रात सवा 8 बजे से सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर महाराज श्री की साधना की सफलता और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में दीप प्रज्वलित कर भक्ति भाव से पाठ किया। पूर्व में पांच-पांच पाठ करने थे लेकिन उत्साह में कई जगह 7, 9 और 15 पाठ किए जाने की सूचना है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के घर से शराब बिक्री का वीडियो वायरल, कार्रवाई नहीं होने पर उठे सवाल

**छतरपुर।** छतरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम कैंडी में अवैध शराब कारोबार खुलेआम संचालित होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री हो रही है, लेकिन कई शिकायतों के बावजूद पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत सरपंच धर्मदास प्रजापति के अनुसार, इस संबंध में सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन एसपी कार्यालय में भी सौंपे गए थे। इसके अलावा आबकारी विभाग को भी शिकायत की गई, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनवाड़ी क्रमांक-1 में पदस्थ कार्यकर्ता सुनीता शिवहरे के घर से अवैध शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित महिला बच्चों के भोजन समूह का संचालन भी करती है, ऐसे में सवाल उठ रहा है कि अवैध गतिविधियों के आरोपों के बावजूद जिम्मेदार पद पर कार्यरत व्यक्ति की जांच क्यों नहीं की जा रही। सबसे गंभीर बात यह बताई जा रही है कि सरकारी प्राथमिक स्कूल से महज पांच कदम की दूरी पर अवैध शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे स्कूल का वातावरण खराब हो रहा है और बच्चों के भविष्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। गांव की महिलाएं एवं बेटियां भी शराबियों की वजह से भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। आए दिन गाली-गलौज और विवाद की घटनाएं सामने आती रहती हैं। शिकायतकर्ताओं में कालीचरण अहिरवार, शिवम अहिरवार, विनोद अहिरवार, पप्पू अहिरवार, कुंजी अहिरवार, सुमन अहिरवार, धर्मदास प्रजापति, प्रभु अहिरवार एवं दीपचंद अहिरवार सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब अवैध शराब दुकान बंद कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**कार्यालय, नगर परिषद खजुराहो, जिला - छतरपुर (म.प्र.)**

No./NPK/Uadd/ e-tendering/ 2026/969 **निविदा आमंत्रण सूचना ( प्रथम )** Dated: 08/05/2026

म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदाये म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वर्तमान प्रभावशील आई एस. एस. आर 02/08/2021 के एस.ओ.आर से निविदाये प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शित तालिका अनुसार निम्न निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा में किसी तरह का संसोधन होने पर बेबसाईट में सुधार करवा दिया जायेगा समाचार पत्र में प्रकाशित नही करवाया जावेगा ।

| स. क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित प्राक्कलन की राशि (रु में) | धरोहर राशि | समय अवधि | निविदा फार्म का शुल्क | पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं 01 में वीरेंद्र साहू से नाथूराम के घर तक आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506287_1 | 846935/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 2 | वार्ड क्रं 02 में प्राईमरी स्कूल से हरीजन मोहल्ला तक आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य । टे.नं. 2026_UAD_506288_1 | 872852/- | 8800/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 3 | वार्ड क्रं 03 में वेजू के घर से लखेरी वालो के घर तक आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506289_1 | 867052/- | 8700/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 4 | वार्ड क्रं 04 में राजेश पटेल के घर से घनश्याम अनुरागी के घर तक आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506290_1 | 847135/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 5 | वार्ड क्रं 05 में रामकिशोर पाल के घर से दीना रजक के घर तक आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506292_1 | 846937/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 6 | वार्ड कं 06 में ग्रेवयार्ड स्कूल के पास आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506294_1 | 847332/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 7 | वार्ड क्रं 07 में एल आई सी के पीछे चंदेला कालोनी एवं राधिका कालोनी में आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506295_1 | 847051/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 8 | वार्ड क्रं 08 मेंबालकिशन गुप्ता के घर से बिहारी जी के मकान तक आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506296_1 | 847399/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 9 | वार्ड क्रं 09 की आंतरिक गलियो में आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506298_1 | 847399/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 10 | वार्ड क्रं 10 मे वीरेंद्र के घर से तिवारी के घर तक आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506300_1 | 846935/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 11 | वार्ड क्रं 11 की आंतरिक गलियो में आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506302_1 | 846935/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 12 | वार्ड क्रं 12 की आंतरिक गलियो में आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506303_1 | 847332/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 13 | वार्ड क्रं 13 मे कल्याण सिंह के घर से नहदौरा वाले मिजाजी के घर तक आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य । टे.नं. 2026_UAD_506305_1 | 423651/- | 4500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |
| 14 | वार्ड क्रं 14 में गनेश तिवारी के घर से कालीचरण के घर तक में आर सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। टे.नं. 2026_UAD_506307_1 | 847332/- | 8500/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | 2000/- | Centralised PWD Registration |

निविदा फार्म दिनांक 13.05.2026 से 30.05.2026 तक बेबसाईट ( http://mptenders.gov.in) पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगें । विस्तृत निविदा सूचनार्थ अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद खजुराहो**

## स्मार्ट मीटर नहीं, स्मार्ट लूट चल रही के नारों से गूंजा महाराजपुर

# बिजली विभाग के खिलाफ फूटा जन आक्रोश, हजारों लोगों ने निकाली रैली

**महाराजपुर। नगर महाराजपुर में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ बुधवार को जनता का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। 13 मई 2026 को कुसमा रामलीला मैदान से हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा एकत्रित होकर तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। तपती धूप में निकली इस विशाल रैली में लोगों ने बिजली विभाग होश में आओ, स्मार्ट मीटर बंद करो और भ्रष्टाचार बंद करो जैसे नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।**

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि बिजली विभाग के अधिकारी जनता को प्रताड़ित कर रहे हैं और मनमाने बिजली बिल थोपकर गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ रहे हैं। लोगों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल कई गुना बढ़ गए हैं, जिससे आम नागरिक आर्थिक और मानसिक तनाव में जीने को मजबूर हैं।

## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन में मांग की कि नगर में जगह-जगह बिखरे बिजली तारों को व्यवस्थित किया जाए। मनमाने ढंग से हो रही बिजली कटौती बंद की जाए, क्योंकि इससे बच्चों की पढ़ाई और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। परिवार विभाजन के बाद नए बिजली कनेक्शन देने में हो रही परेशानी दूर की जाए। इसके अलावा दूषित पेयजल आपूर्ति रोकने, समय पर वाटर सप्लाई सुनिश्चित करने, पान कृषकों और किसानों को अनावश्यक बिजली कटौती एवं भारी बिलों से राहत देने की मांग भी की गई।



## पहले 300 का बिल आता था, अब 12 हजार भेज रहे

स्मार्ट मीटर को लेकर जनता में सबसे ज्यादा नाराजगी देखने को मिली। प्रदर्शन में शामिल सुमित्रा ने बताया कि पहले उनका बिजली बिल 200 रुपये तक आता था, लेकिन अब एक महीने का 12 हजार रुपये का बिल भेज दिया गया। वहीं लल्लाबाई अनुरागी ने कहा कि पहले 300 रुपये का बिल आता था, अब 7 हजार रुपये का बिल दिया जा रहा है। अभय सोनी के घर 44 हजार रुपये का बिल आने की बात भी सामने आई। लोगों का आरोप था कि विभाग शिकायत सुनने के बजाय उपभोक्ताओं को धमकाने का काम कर रहा है।

## 10 हजार दो, नहीं तो 25 हजार का चालान

प्रदर्शन में शामिल हृदेश चौरसिया ने आरोप लगाया कि उनके घर का बिना वजह चालान काट दिया गया। शिकायत करने पर एक कथित दलाल उनके पास पहुंचा और 10 हजार रुपये देकर मामला खत्म करने की बात कही। पैसा देने से मना करने पर 25 हजार रुपये का चालान थमा दिया गया। इस आरोप के बाद प्रदर्शनकारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने विभाग में दलालों के सक्रिय होने और गरीबों से वसूली करने के आरोप लगाए।

## जनता परेशान, अधिकारी मौज में

राजेंद्र प्रसाद साहू ने आरोप लगाया कि विभाग ने उनके कुएं से मोटर जब्त कर ली और बाद में 17 हजार रुपये जमा कराने के बाद मोटर छोड़ी गई। उन्होंने कहा कि उनके बेटे का नाम भी मामले में जोड़ दिया गया, जबकि वह दिल्ली में नौकरी करता है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विभागीय कार्रवाई नियमों के बजाय दबाव और मनमर्जी से की जा रही है तथा आम जनता को अपराधी की तरह व्यवहार झेलना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान ओआईसी औरंगजेब मिर्जा पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। लोगों ने उन पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने और जनता के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए। मंच से चेतावनी दी गई कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई और संबंधित अधिकारी को नहीं हटाया गया तो नगर की जनता उग्र आंदोलन करेगी।

# मोहरवा गांव में कलेक्टर ने अपनी उपस्थिति में कराया सीमांकन लंबे समय से चली आ रही समस्या का हुआ निराकरण





**रीवा ।** मोहरवा गांव में भूमि के सीमांकन के लंबे समय से चले आ रहे विवाद का बुधवार को निराकरण हो गया। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अपने समक्ष सीमांकन कराया और दोनों पक्षों की इसमें सहमति रही। उल्लेखनीय है कि सेमरिया तहसील अन्तर्गत मोहरवा गांव की संतोष देवी ने गतदिवस जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष अपने आबादी भूमि के विवाद को सुलझाने के लिये सीमांकन कराये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को सीमांकन कराने के निर्देश दिये थे। आज अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने अपनी उपस्थिति में सीमांकन कराया और राममूर्ति एवं संतोष देवी की आबादी भूमि का काफी समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। कलेक्टर के भ्रमण के दौरान दिव्यांग अमन पाण्डेय ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान करने का अनुरोध किया कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही स्वचलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी जायेगी। मोहरवा 481 ग्राम में कलेक्टर ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा परिसर में किये जा रहे अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामवासियों से अपेक्षा की कि विद्यालय की भूमि को संरक्षित रखें। आने वाले समय में विद्यालय के उन्नयन होने पर इसका उपयोग होगा। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीबाल का सुधार कराने तथा परिसर को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार ममता पटेल, नायब तहसीलदार राजेश तिवारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का किया भ्रमणकलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने गौवंश वन्य विहार में गौवंश संरक्षण के लिये बनाये गये शेड, भूसा शेड, पानी की व्यवस्था तथा इलाज व्यवस्था के विषय में जानकारी ली। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान प्राकृतिक खेती स्थल का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यह केन्द्र गौवंश/पशुधन के संरक्षण का आधुनिक केन्द्र है। इसे और भी विस्तृत रूप दिया जायेगा इसके लिये सब मिलकर श्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने परिसर में भ्रमण के दौरान कहा कि इस अप्रतिम सुंदर स्थल में आध्यात्मिकता का अंतरात्मा से बोध होता है। कलेक्टर ने संचालन समिति की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं के लिये प्रशंसा की तथा निर्देश दिये कि बायोगैस प्लांट शीघ्र प्रारंभ करायें। भ्रमण के दौरान एसडीएम दृष्टि जायसवाल ने गौवंश वन्य विहार की व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 52 एकड़ क्षेत्र में स्थापित गौवंश वन्य विहार में वर्तमान समय में 8966 गौवंशों को आश्रय मिल रहा है।

# तीसरी अर्थ व्यवस्था का दावा खोखला नज़र आ रहा : अजय खरे

## सोने की चिड़िया कहे जाने वाले देश में आम आदमी के लिए सोने की कील भी नसीब नहीं

**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सन 2014 से एक दशक के शासन काल में भारत की अर्थव्यवस्था को दोगुनी गति से आगे बढ़ाकर देश को ग्यारवीं से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के किए गए दावा देश के लोगों को धोखे में रखने जैसा साबित हुआ। नतीजतन 2024 के चुनाव में भाजपा स्पष्ट बहुमत से दूर रही। किसी तरह तीसरी बार सरकार तो बना ली लेकिन जन विरोधी नीतियों को लागू करने से वह बाज नहीं आई। हालत यह है कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जनसाधारण से एक साल तक सोने की किसी तरह की खरीददारी नहीं करने की अपील की जा रही है। यह अपील ऐसे समय की जा रही जब सोने की कीमत में जबरदस्त उछाल है और आम आदमी की खरीद फरोख्त से दूर है। यही नहीं, लोगों से पेट्रोल डीजल ही नहीं, खाना पकाने के ईंधन और तेल में भी कटौती करने को कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद विदेश यात्रा पर जा रहे है लेकिन देश के लोगों को विदेश यात्रा करने से मना किया जा रहा है। श्री खरे ने कहा कि मोदी शासनकाल से पहले सोने की कीमत 24000 रुपए प्रति दस ग्राम से 6 गुना बढ़कर इधर बारह साल में 154200 रुपए हो गई है। आम आदमी के लिए सामान्य जीवन मुश्किल हो गया है। देश की अधिकांश आबादी को मुफ्त का अनाज उपलब्ध कराकर विकास की झूठी वाहवाही लूटी जा रही है। यह अप्रिय स्थिति 21 वीं सदी में देश की गरीबी और भुखमरी का बखान कर रही है, ना कि विकसित अर्थव्यवस्था की। आत्म निर्भर भारत का दावा खोखला नज़र आ रहा है। अमेरिका और इजरायल के द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद से भारत में ईंधन संसाधनों को लेकर विदेशी निर्भरता काफी खतरनाक दिखाई दे रही है। बिना युद्ध लड़े ही दुष्परिणाम सामने नजर आ रहे हैं। श्री खरे ने कहा कि यदि भारत आत्म निर्भर स्थिति में होता तो देश के प्रधानमंत्री को इतनी जल्दी लोगों से दैनिक आवश्यक सामग्री में कटौती की अपील नहीं करनी पड़ती। श्री खरे ने कहा कि भारत की ऐतिहासिक पहचान सोने की चिड़िया के देश के रूप में थी लेकिन आज लगभग 215 लाख करोड़ रुपए का विदेशी कर्ज हमारी अर्थव्यवस्था को गुलामी की ओर ले जा रहा है। देश को दांव पर लगाकर विकास की बात बेईमानी है। श्री खरे ने कहा कि सोना भारत के लोगों की भावनाओं और उनकी आर्थिक स्थिति का इजहार करता है। ग़रीब से ग़रीब व्यक्ति भी सोना रखने की कोशिश करता है। ग़रीब औरतें भी अधिक नहीं तो सोने की कील पहनती रहीं हैं जिसे बढ़ती कीमतों के चलते आज उन्हें खरीदना मुश्किल हो गया है।

# गौशाला में दबंगों का हमला, मारपीट के बाद लूट और आगजनी, बाल-बाल बचे गौवंश

**मऊगंज।** जिले के अमोखर गांव स्थित गौशाला में देर रात दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने गौशाला कर्मचारियों के साथ मारपीट कर गौशाला की चाबी और 15 हजार रुपये नकद लूट लिए। इसके बाद तार फेंसिंग और गौशाला का बोर्ड तोड़ते हुए गौशाला में आग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना में गौवंश बाल-बाल बच गए।घटना के बारे मे बताया गया कि अमोखर गांव मे देर रात कुछ दबंग गौशाला में घुस आए और जमकर तोड़फोड़ की। आरोप है कि बदमाशों ने पहले गौशाला में लगी तार फेंसिंग और बोर्ड को क्षतिग्रस्त किया, फिर वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए गौशाला की चाबी और करीब 15 हजार रुपये नकद लूट लिए।इतना ही नहीं, आरोपियों ने गौशाला में आग भी लगा दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गौशाला संचालक की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझाए जाने से गौवंशों को सुरक्षित बचा लिया गया।फिलहाल गौशाला संचालक ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई

# रीवा में CBSE 12वीं का रिजल्ट घोषित, जिले के छात्रों ने लहराया परचम

### सिद्धि मिश्रा ने 96.4% लाकर जिले का नाम किया रोशन



**रीवा।** CBSE 12वीं का रिजल्ट घोषित होते ही रीवा जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है।पड़रा निवासी ऋषि मिश्रा की बेटी और सेक्रेट हार्ट स्कूल की छात्रा सिद्धि मिश्रा ने 96.4% अंक हासिल कर टॉपर्स की सूची में जगह बनाई। उनकी मेहनत और सफलता से परिवार और स्कूल दोनों में जश्न का माहौल है।जिले के कई अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतर अंक लाकर अपने-अपने स्कूल और माता-पिता का नाम ऊंचा किया है। रिजल्ट के बाद छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर है।

# थाना प्रभारी शैल यादव की टीम को मिली बड़ी सफलताः सगे भाई की हत्या करने वाला आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदुआ में बीते दिनों घटित हुए रोंगटे खड़े कर देने वाले हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया है।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी शैल यादव ने अपनी टीम के साथ सक्रियता दिखाते हुए आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है।थाना प्रभारी शैल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम हरदुआ में बीते दिनों रात्रि करीब 10:00 बजे पारिवारिक विवाद के चलते धर्मेंद्र कोल उम्र 26 वर्ष पिता रामनरेश कोल ने अपने सगे छोटे भाई जितेंद्र कोल उम्र 22 वर्ष पर जानलेवा हमला कर दिया।आरोपी धर्मेंद्र ने सब्जी काटने वाले चाकू से जितेंद्र की आंख पर जोरदार वार किया।हमले के बाद युवक लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।घटना के तुरंत बाद परिजनों द्वारा गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ ले जाया गया।हालांकि,चोट इतनी गहरी थी कि अस्पताल पहुँचते ही चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गिरफ्तारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।थाना प्रभारी शैल यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी शुरू की।पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी धर्मेंद्र कोल को घटना के महज 24 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला और उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।

## कार्रवाई में शामिल टीम

इस अंधे कत्ल के त्वरित खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी शैल यादव की मुख्य भूमिका रही।उनके साथ पूरी टीम ने सराहनीय कार्य किया, जिसमें मुख्य रूप से शामिल रहे सहायक उपनिरीक्षक सुरेश साकेतप्रधान आरक्षक सत्यदेव पांडे, भूपेंद्र करोसिया, राकेश वर्मा, अयोध्या प्रजापति आरक्षक विपिन यादव, मनोज निनामा, मयंक गौतम, सुधीर शुक्ला, राजकुमार गुप्ता, अनिल दाहिया महिला आरक्षक अनामिका द्विवेदी सैनिक रामनाथ पटेल, राजेश सिंह, संतोष मिश्रा गुढ़ पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।आरोपी के विरुद्ध हत्या की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करते हुए जल भेज दिया गया1



# जिला पंचायत सीईओ अचानक पहुँचे रायपुर कर्चुलियान जनपद मे मचा हड़कंप

**रीवा।** जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) मेहताब सिंह गुर्जर 4:30 बजे अचानक जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के औचक निरीक्षण पर पहुँचे।सीईओ के इस औचक दौरे की खबर लगते ही जनपद कार्यालय और अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई।खबर लिखे जाने तक कार्यालय के हर विभागों का निरीक्षण जारी है।

# पुलिस का पॉकेट गवाह निकला नशीली कफ सिरप का कुख्यात तस्कर, 600 शीशियों के साथ गिरफ्तार

**रीवा 1**

जिले में कानून के रखवालों और अपराधियों के बीच के कथित गठजोड़ का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है।सिविल लाइंस थाने में सैकड़ों मामलों में पुलिस का पॉकेट गवाह रहने वाला एक युवक प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की तस्करी का मास्टरमाइंड निकला।नगर पुलिस अधीक्षक के विशेष दस्ते ने मंगलवार देर शाम एक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए मुख्य आरोपी और उसकी एक महिला मित्र को भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ हिरासत में लिया है।मिली जानकारी के अनुसार नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. रितु उपाध्याय के नेतृत्व में गठित विशेष दस्ते ने मंगलवार की देर शाम घेराबंदी कर मोहन जोशी उर्फ भूपेश को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 600 से अधिक प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की शीशियां बरामद की हैं।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करी में सहयोग करने के आरोप में उसकी एक महिला मित्र को भी पकड़ा है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह गिरोह लंबे समय से शहर में युवाओं को नशे की खेप सप्लाई कर रहा था।

## परिजनों के सनसनीखेज आरोप

इस गिरफ्तारी के बाद सिविल लाइंस थाने में उस वक्त हड़कंप मच गया जब आरोपी मोहन की मां ने पुलिस विभाग पर ही गंभीर आरोप मढ़ दिए।आरोपी की मां का कहना है की मेरा बेटा थाने के पास चाय की दुकान चलाता था।पुलिस ने उसे डरा धमकाकर या लालच देकर करीब 100 से अधिक मामलों में सरकारी गवाह बनाया और विभिन्न कार्रवाइयों में जो नशीली सामग्री जब्त की जाती थी उसे सिविल लाइंस थाने के कुछ पुलिसकर्मी उनके बेटे के माध्यम से ही बाजार में बिकवाते थे।परिजनों का दावा है कि पुलिस के संपर्क में रहने और उनके लिए अवैध काम करने के कारण ही मोहन नशे के इस काले कारोबार के दलदल में फंसा।

## नगर पुलिस अधीक्षक का क्या कहना है

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. रितु उपाध्याय ने स्पष्ट किया है कि आरोपी मोहन जोशी उर्फ भूपेश और उसकी महिला मित्र के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।और परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप अत्यंत गंभीर हैं।इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के दौरान यदि किसी भी पुलिसकर्मी की संलिप्तता या लापरवाही पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की

